प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 30.01.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. महाकुंभ में श्रद्धालुओं का त्रिवेणी में डुबकी लगाने का सिलसिला जारी : सुचारू व्यवस्था के लिए विशेष सचिव स्तर के पांच अधिकारी मेला क्षेत्र में किये गये तैनात।
2. मुख्य सचिव और डीजीपी ने आज संगमनगरी में की व्यवस्थाओं की समीक्षा : महाकुंभ में हुई दुर्घटना की जांच के लिए गठित न्यायिक आयोग कल पहुंचेगा प्रयागराज।
3. राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर प्रदेश भर में दी गई श्रद्धांजलि : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा– बापू के दिखाए मार्ग पर चलकर विकसित भारत के निर्माण का लें संकल्प। और
4. अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए प्रचार हुआ तेज़ : उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक आर सपा सांसद डिम्पल यादव ने अपने–अपने प्रत्याशियों के समर्थन में की जनसभाएं।

————————

संगम नगरी में चल रहे महाकुंभ में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी है। आज शाम 6 बजे तक लगभग एक करोड़ 95 लाख श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में पवित्र डुबकी लगाई। इसके साथ ही इस महाकुंभ में स्नान करने वालों का आंकड़ा 27 करोड़ 58 लाख तक पहुंच गया है।

देश विदेश से महाकुंभ पहुंच रहे श्रद्धालुओं ने प्रशासन की व्यवस्थाओं को खूब सराहा। जम्मू से प्रयागराज में पावन स्नान के लिए आए द्वारकानाथ गुप्ता ने कहा कि सारी व्यवस्थाएं उनकी उम्मीद से बेहतर हैं। बाइट......

*मोदी जी का बहुत अच्छा इंतजाम है। बाहर की कंट्री भी देख रही है ऐसा वर्ल्ड कभी नहीं हुआ ना होगा आने जाने का खाने पीने का रहने का बहुत अच्छा इंतजाम किया है।*

पठानकोट से आईं अंजू ने बताया कि प्रशासन उनका पूरा सहयोग कर रहा है और बुनियादी सुविधाओं में किसी तरह की कमी नहीं है। बाइट.....

*जो कुंभ लग रहा है इसकी व्यवस्था बहुत बढ़िया है। खाने पीने का बहुत अच्छा अरेंजमेंट किया हुआ है रहने के लिए भी अच्छी व्यवस्था की गई है और जो कर्मचारी है वो भी सबका ध्यान रख रहे हैं। प्रशासन की तरफ से पूरी तरह हम लोगों को सपोर्ट है।*

—————————

कल संगमघाट में हुए हादसे के बाद सरकार ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई उपाय किये हैं। मेला क्षेत्र में व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए राज्य सरकार ने 2019 कुंभ के दौरान प्रयागराज के मंडलायुक्त रहे आशीष गोयल और इलाहाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष भानु गोस्वामी को नियुक्त किया है। इसके अलावा मेले की व्यवस्थाओं में सहायता के लिए विशेष सचिव स्तर के पांच अधिकारियों को 12 फरवरी तक प्रयागराज भेजा गया है। महाकुंभ में

बेहतर प्रबंधन और सुरक्षा के लिए पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारियों की भी तैनाती की जा रही है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात प्रबंध और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने महाकुंभ मेला क्षेत्र को 4 फरवरी तक नो–व्हीकल ज़ोन घोषित कर दिया। मेला क्षेत्र में केवल आवश्यक सेवाओं वाले वाहन को प्रवेश की अनुमति दी जाएगी।

————————

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार महाकुंभ में हुई घटना की जांच और व्यवस्थाओं का जायज़ा लेने के लिए प्रयागराज पहुंचे। उन्होंने स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल में कल घायल होने वाले श्रद्धालुओं से मुलाकात भी की। साथ ही 3 फरवरी को बसंत पंचमी पर होने वाले अमृत स्नान के लिए व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने बताया कि घायलों का समुचित इलाज किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि घायलों के इलाज पर जो भी खर्च होगा, उसे राज्य सरकार वहन करेगी। बाइट......

*छत्तीस लोग घायल हैं जो यहां पर भर्ती है और अलग अलग तरह की इंजरी है। मेडिकल डिपार्टमेंट के प्रमुख सचिव साहब भी हम लोगों के साथ हैं और डॉक्टर को यहां पर समझाया गया है। सबका बहुत अच्छे से इलाज हो रहा है और उनके साथ जो तीमारदार है उनके लिए भी यहां पे पूरी व्यवस्था बनाई गई है। अलग–अलग जगह के है देवरिया के हैं, एक दिल्ली के है, बिहार के भी है उनके परिजनों को सूचित कर दिया गया है और इनका यहां पर समुचित इलाज होगा और जब ठीक होंगे डिस्चार्ज होने के लायक होंगे तो फिर इनके परिजन के साथ इनको यहां से डिस्चार्ज किया*

*जाएगा। जो भी व्यवस्था है इलाज की और बाकी चीजें वो हम लोग सरकार की तरफ से इसको उठाया जाएगा।*

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर महाकुंभ हादसे की जांच के लिए गठित न्यायिक आयोग ने आज से काम शुरू कर दिया है। कल देर शाम मुख्यमंत्री ने तीन सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग का गठन किया था। इस आयाग के अध्यक्ष इलाहाबाद हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश हर्ष कुमार हैं, जबकी पूर्व डीजीपी वीके गुप्ता और रिटायर्ड आईएएस डी.के. सिंह को बतौर सदस्य आयोग में शामिल किया गया है। यह आयोग कल प्रयागराज जाकर घटना की जांच करेगा और एक महीने में अपनी रिपोर्ट देगा। बाइट....

*कल हम लोग स्थलीय निरीक्षण करेंगे जाएँगे, मौके पे जो भी उससे संबंधित कारण निवारण और परिस्थितियाँ है उनका अध्ययन करेंगे उससे संबंधित सभी बिंदुओं पर विचार करेंगे और उसके बाद फिर एक माह में हमसे आख्या अपेक्षित की गई है वो आख्या देंगे।*

————————

महाकुंभ से लौट रहे श्रद्धालु बड़ी संख्या मे अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। बीते चार दिनों में लगभग 65 लाख श्रद्धालु अयोध्या पहुंच चुके हैं। बढ़ती भीड़ देखते हुए रामलला मंदिर में दर्शन का समय बढ़ाकर लगभग 18 घण्टे कर दिया गया है।

————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर प्रदेश भर में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जीपीओ स्थित बापू की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि बापू की शिक्षाएं और उनका त्यागमय जीवन विश्व शांति का मार्ग प्रशस्त करते हैं। बापू के दिखाए सत्य, अहिंसा व स्वदेशी के मार्ग पर चलकर हम सभी नए भारत–विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लें। गोरखपुर में बापू की पुण्यतिथि पर स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया। बदायूँ में ज़िलाधिकारी ने कुष्ठ रोगियों से भेदभाव न करने की शपथ दिलाई। मुजफ्फरनगर, जौनपुर, हापुड़, पीलीभीत में भी श्रृद्धांजलि सभाएं आयोजित की गईं। वाराणसी में बनारस रेल इंजन कारखाने में महात्मागांधी के सादगीपूर्ण जीवन, सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों को अपनाने का आह्वान किया गया।

——————————

अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा सीट के लिए चुनाव प्रचार तेज़ हो गया है। भाजपा नेता और उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने आज भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में मिल्कीपुर में दो जनसभाएं कीं। श्री पाठक ने कहा कि मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर भारतीय जनतापार्टी प्रचंड बहुमत से जीत दर्ज करेगी। वहीं समाजवादी पार्टी की नेता और सांसद डिंपल यादव ने भी आज मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में जनसभा और रोड शो कर सपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट मांगे। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव का नतीजा देश और प्रदेश के लिए संदेश बनेगा।

——————————

संसद का बजट सत्र कल से शुरू हो रहा है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण शनिवार को वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए बजट पेश करेंगे। इस बार के बजट से सभी वर्गों को काफी उम्मीदें हैं। वाराणसी के एमएसएमई सेक्टर के राजेश भाटिया ने इस बजट में एमएसएमई सेक्टर को राहत मिलने की उम्मीद जताई। बाइट......

*इनकम टैक्स की दरों में एकरूपता की आवश्यकता है। पार्टनरशिप फर्म हो, प्रोपराइटरशिप फर्म हो, कॉर्पोरेट हो इन सब में इनकम टैक्स की दरें एक होनी चाहिए। माइक्रो और स्मॉल सेक्टर के लिए कुछ विशेष रियायत की आवश्यकता है इन दरों में।*

प्रदेश के कृषि क्षेत्र को भी बजट से काफी उम्मीदें हैं। डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. ए पी तिवारी ने कहा कि आने वाले बजट में कृषि के आधुनिकीकरण के लिए एआई का प्रयोग और आधुनिक तकनीक के ज़रिए खेती को बढ़ावा दिए जाने की संभावना है। बाइट.....

*खेती के आधुनिकीकरण के लिए खास तौर पर एआई का प्रयोग होना है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस है रोबोटिक टेक्नोलॉजी है। आधुनिक टेक्नोलॉजी के जरिए किस तरह खेती को आगे बढ़ाया जाए इस पर फोकस इस बजट का होने की उम्मीद है। ये भी उम्मीद की जाती है की खेती से जुड़ी हुई जो इनपुट्स है, जो आदान है उन पर सब्सिडी अब बढ़ाई जा सकती है।*

———————

सीतापुर से कांग्रेस सांसद राकेश राठौर को आज बलात्कार के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। इस मामले में उच्च न्यायालय ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी, जिसके बाद आज उन्हें उनके आवास प्रेस कांफ्रेंस करते वक्त गिरफ्तार कर लिया। कांग्रेस सांसद के खिलाफ 17 जनवरी को सीतापुर के सिटी कोतवाली थाने में बलात्कार, आपराधिक धमकी और बंदूक दिखाकर धमकाने के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई थी। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने कांग्रेस सांसद को याचिका खारिज करते हुए उन्हें दो सप्ताह के

भीतर सीतापुर जिला न्यायालय में आत्मसमर्पण करने को कहा था।

---

एनसीसी के रिपब्लिक डे कैंप 2025 में उत्तरप्रदेश निदेशालय के 19 यूपी गर्ल्स बटालियन की कैडेट लॉन्स कॉरपोरल विदुषी सिंह को डीजीएनसीसी प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया है। नेशनल कैडेट कोर के महानिदेशक ने विदुषी को ईमानदारी, समर्पण और अनुकरणीय प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया।

(समाप्त)